समाचार

# आयुक्त की पहल पर परसाभांठा बाजार व चौक का होगा कायाकल्प–बालको प्रबंधन को दिया दायित्व

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने किया बालको जोन का दौरा, परसाभांठा चौक व बाजार के साथ जोन के विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण, साफ–सफाई कार्यो, सौदंर्यीकरण व व्यवस्था सुधारने पर रहा फोकस)




कोरबा 20 अगस्त 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर बालकोनगर के परसाभांठा बाजार व चौक का कायाकल्प किया जाएगा, जीर्ण–शीर्ण शेड के स्थान पर नए शेड लगेंगे, पसरे दुरूस्त होंगे, बिजली पानी की पर्याप्त व्यवस्था होगी, बाजार का जीर्णोद्धार होगा एवं परसाभांठा चौक का सौदंर्यीकरण किया जाएगा, चौक की व्यवस्थाएं सुधारी जाएंगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको प्रबंधन के अधिकारियों एवं निगम की टीम के साथ परसाभांठा बाजार व चौक का निरीक्षण कर उक्त कार्यो का दायित्व बालको प्रबंधन को सौपा, जिस पर प्रबंधन द्वारा अपनी सहमति जताते हुए उक्त संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने को कहा गया।

अपने नियमित प्रातः भ्रमण की कड़ी में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय आज निगम के अधिकारियों की टीम के साथ नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोनांतर्गत विभिन्न स्थलों का दौरा किया, उन्होने बालको प्रबंधन के अधिकारियों की उपस्थिति में परसाभांठा बाजार व चौक का निरीक्षण किया। बालको नगर का परसाभांठा बाजार वर्तमान में जीर्ण–शीर्ण हालत में है, जिसके मरम्मत, जीर्णोद्धार व सौदंर्यीकरण के साथ वहॉ आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की आवश्यकता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रबंधन के अधिकारियों से कहा कि वे अपने सी.एस.आर. मद से परसाभांठा बाजार में आवश्यक मरम्मत, सुधार व विकास कार्य करें, उन्होने बाजार में पसरों की मरम्मत, नए

शेड लगाने, पानी, बिजली की सुविधा मुहैया कराने एवं पसरों के बीच आने जाने के मार्ग का जीर्णोद्धार करने सहित अन्य विकास कार्य किए जाने के निर्देश दिए।

**चौक का होगा सौदंर्यीकरण** – बालकोनगर के परसाभांठा चौक की वर्तमान दशा ठीक नहीं है, चौक के चारों तरफ अनियंत्रित रूप से ठेले गुमठी व दुकानें संचालित हैं, जिन्हें व्यवस्थित करने की जरूरत है। उक्त चौक बालको प्लांट के मुख्य प्रवेशद्वार के सामने हैं, वहॉ से भारी वाहनों के साथ ही अन्य छोटे–बड़े वाहनों का आवागमन बहुतायत रूप से होता है, सड़क जीर्ण–शीर्ण हैं एवं चौक में अव्यवस्था का आलम है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको प्रबंधन के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वे चौक का सौदंर्यीकरण कराएं एवं इस दिशा में आवश्यक निर्माण कार्य कर चौक में हाईमास्ट लाईट की स्थापना, सड़क की मरम्मत, जीर्णोद्धार, पेंटिंग पोताई व थीम आधारित चित्रकारी कर सौदंर्यीकरण आदि के कार्य कराएं। उन्होने कहा कि परसाभांठा बाजार के समीप वाहन पार्किंग का निर्माण भी किया जाए ताकि सड़क पर अनियंत्रित रूप से वाहन खड़े न हो।

**आई.टी.आई.चौक स्थित बालको प्रवेशद्वार के समीप सड़क सौंदर्यीकरण** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको प्रबंधन के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोरबा के आई.टी.आई. चौक के समीप बालको रोड पर स्थित प्रबंधन के प्रवेशद्वार के पास सड़क के किनारे खुले में मछली दुकानें लगाई जा रही है, प्रशासन द्वारा इन दुकानों को वहॉ से हटाकर विस्थापित किया जाएगा। उन्होने प्रबंधन से कहा कि वे सी.एस.आर. मद से सड़क के किनारे उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण कराएं, वहॉ ग्रील लगाकर स्थल को ग्रीन–बेल्ट के रूप में विकसित कर ते हुए थीम आधारित पेंटिंग पोताई आदि से स्थल को सौंदर्यीकृत कर जिस पर बालको प्रबंधन के अधिकारियों ने अपनी सहमति जताई।

**रजत जयंती वाटिका होगी स्थापित** – शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में रजत जयंती वाटिका की स्थापना की जाएगी। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने इस हेतु बालको जोनांतर्गत चेकपोस्ट लालघाट स्थित मंदिर के पीछे स्थित मैदान का निरीक्षण किया तथा रजत जयंती वाटिका हेतु स्थल का चयन करते हुए उन्होने मैदान के चारों ओर पूर्व में लगे वृक्षों के अतिरिक्त वृक्षारोपण कर ग्रीन–बेल्ट बनाने, पाथवे का निर्माण करने, स्थल को वाटिका के रूप में सजाने संवारने व सौदंर्यीकृत करने की दिशा में तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होने वहॉ पर स्थित ओपनजिम के उपकरणों की मरम्मत करने के साथ–साथ वहॉ पर स्थापित पानी टंकी से निकलने वाले जल के प्रबंधन हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने को कहा ताकि पानी टकी से उत्सर्जित जल से वहॉ पर कीचड़ न हों।

**सफाई कार्यो का किया निरीक्षण** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय बालको जोन के परसाभांठा, डुग्गूपारा, लालघाट, चेकपोस्ट सहित अन्य विभिन्न बस्तियों की साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने सड़क, पानी,, नाली आदि में की जा रही सफाई का अवलोकन करते हुए प्रातः 10 बजे से पूर्व सफाई का कार्य पूरा करने, सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, बालको के अधिकारी कुशाग्र कुमार, निगम के उपजोन प्रभारी संजय ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक सतानंद द्विवेदी, देवव्रत आदित्य, संतोष साहू, अवध लहरे, रामकुमार राठौर आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।